समाचार
WANI NEWS
ख़बर जो करें असर !

# 'हंसी होगी आउट ऑफ कंट्रोल', नेटफ्लिक्स पर 21 जून से स्ट्रीम होगा 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3'.

Published on 24 May 2025 | By Samachar Wani Correspondent



## कपिल शर्मा, सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा की जोड़ी फिर से मचाएगी धमाल, लौट रहा है सबसे बड़ा कॉमेडी शो – हर 'फनीवार' को बनाने हंसगुल्लों से भरपूर !

**मुंबई :** कॉमेडी के **बादशाह कपिल शर्मा** एक बार फिर अपने फैंस को हंसाने के लिए तैयार हैं। जी हां, '**द ग्रेट इंडियन कपिल शो**' का तीसरा सीज़न जल्द ही **नेटफ्लिक्स** पर स्ट्रीम होने जा रहा है। शनिवार को शो के मेकर्स ने इस बहुप्रतीक्षित सीजन का प्रोमो जारी किया, जिसमें एक बार फिर पुराने पसंदीदा किरदारों की वापसी का वादा किया गया है।

**प्रोमो मे दिखा पुराना अंदाज़, लेकिन नए ट्विस्ट के साथ**
प्रोमो की शुरुआत होती है जब **कपिल शर्मा अर्चना पूरन सिंह** को फोन कर कहते हैं – "**कहां हो बेब्स ?**" जवाब में अर्चना कहती हैं कि वो बैंक आई हैं। कपिल फौरन बोलते हैं – "अरे लोन-वोन लेने की जरूरत नहीं है, अपना सीजन 3 आ रहा है।" इसके बाद कपिल की टीम के अन्य सदस्य – **कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक** और **सुनील ग्रोवर** से भी फोन पर बातचीत दिखाई जाती है, जो दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर देती है।

इस बार सुनील ग्रोवर की वापसी से शो में एक बार फिर चार चांद लगने वाले हैं। प्रोमो में कपिल उन्हें कहते नजर आते हैं – "कुछ ऐसा जो ऑडियंस ने अभी तक ना देखा हो।" वहीं अर्चना पूरन सिंह भी मजेदार अंदाज़ में कहती हैं – "मैं अपने मुंह में 10 मिनट तक पानी भरकर फेंक सकती हूं।"

कब और कहां देखें '**द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3**'?
**नेटफ्लिक्स इंडिया** ने अपने **ऑफिशियल सोशल मीडिया हैडंल** पर प्रोमो शेयर करते हुए कैप्शन दिया –"हंसी होगी आउट ऑफ कंट्रोल क्योंकि कपिल और गैंग एक बार फिर कर रहे हैं कमबैक, अब हर फनीवार बढ़ेगा हमारा परिवार।"

शो की स्ट्रीमिंग डेट है 21 जून 2025, और इसे आप सिर्फ **नेटफ्लिक्स** पर देख सकते हैं।

कास्ट में कौन-कौन हैं शामिल ?
**कपिल शर्मा (मुख्य होस्ट)**

**सुनील ग्रोवर**
**कीकू शारदा**
**कृष्णा अभिषेक**
**अर्चना पूरन सिंह (जज की कुर्सी पर)**

इस सीजन में दर्शकों को पुराने किरदारों के साथ-साथ कुछ नए प्रयोग और **कॉमेडी फॉर्मेट** भी देखने को मिल सकते हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: [www.samacharwani.com](http://www.samacharwani.com)

---

DISCLAIMER: THE VIEWS/CONTENTS EXPRESSED/PRESENTED HEREIN, WITHIN THIS ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE ARE THE SOLE AND EXCLUSIVE RESPONSIBILITY OF INDIVIDUAL CLIENTS/EXPERT/THEIR AUTHORISED REPRESENTATIVE/PUBLISHER, TO WHICH EFFECT, PUBLICATION HOUSE/ITS REPRESENTATIVES/AFFILIATES ARE NOT RESPONSIBLE/LIABLE WHATSOEVER.